हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 20 दिसंबर 2023

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 बिना मंजूरी वन भूमि पर सड़क और पानी की...



08 टिंगू खां ने अजय बनकर की दोस्ती अपहरण ...



### सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा पूर्व वनमंत्री और वर्तमान विधायक की पार्टी का वीडियो

# प्रतिबंधित क्षेत्र में कैसे मनी दाल बाटी की पार्टी? अब जांच की जाएगी

**नर्मदांचल में सोशल मीडिया पर पूर्व वनमंत्री और वर्तमान विधायक विजय शाह की दाल-बाटी-भर्ता पार्टी का वीडियो धूम मचा रहा है। दरअसल पार्टी जिस स्थान पर पार्टी मनाई गई वह प्रतिबंधित क्षेत्र है। लेकिन वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि खुद वनकर्मी नियमों को ताक पर रखकर उनके साथ थे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम







पूर्व वनमंत्री और वर्तमान विधायक का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह स्वयं ही बता रहे हैं कि उन्होंने किस स्थान पर पिकनिक मनाई है। दरअसल सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में पूर्व वनमंत्री व विधायक विजय शाह पचमढ़ी होते हुए निजी वाहन से रोरी घाट क्षेत्र पहुंचते हैं और वहां भर्ता-बाटी बनते हुए वीडियो में दिखाई दे रहा है। उनकी खिदमत में रिजर्व कर्मी नजर आ रहे हैं।

विदित हो कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर जोन में प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके साथ ही आग जलाने पर भी प्रतिबंधित है बावजूद इसके जंगल के कोर क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर पिकनिक मनाई गई। कोर क्षेत्र में फारेस्ट स्टॉफ विधायक और पूर्व मंत्री को बकायदा प्रायवेट वाहन से पचमढ़ी में स्थित रोरी घाट, सिद्ध बाबा की पहाड़ी तक ले जाया गया। जहां आग जलाकर भर्ता-बाटी को परोसा गया। खासियत यह रही कि सतपुड़ा टाइगर क्षेत्र में फारेस्ट के स्टॉफ ने मिलकर पार्टी की व्यवस्था की और नियमों की धज्जिया उड़ाते हुए आग भी जलाई। वीडियो में महिला -पुरूष गार्ड दिखाई दे रहे हैं जो बकायदा कुर्सियां उठाते, सामान लाते नजर आ रहे हैं।

आश्चर्य इस बात का है कि इस निजी पार्टी के आयोजन में वन विभाग के कर्मचारी नतमस्तक नजर आ रहे हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के इस कोर क्षेत्र में जाना बिना फील्ड डायरेक्टर की अनुमति के मुमकिन नहीं है। ऐसे में यह सवाल खड़ा होता है कि क्या फील्ड डायरेक्टर एल कृष्णमूर्ति द्वारा इस वीवीआईपी पिकनिक को अनुमति दी गई थी या नहीं? हरिभूमि समाचार पत्र उक्त वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

### आव भगत में नतमस्तक दिखा वन विभाग अमला

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का वह क्षेत्र जहां आग जलाना तो क्या चिंगारी उत्पन्न कर देना भी सख्त मना है। वहां वीवीआईपी की आव भगत में वन विभाग पूरी तरह नतमस्तक दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि जंगल में ही आग जलाकर दाल-बाटी बनाई जा रही है। वीडियो में वन विभाग के कर्मचारी कहीं कुर्सी उठाते नजर आ रहे हैं तो कहीं खाना बनाते समय उसकी देखरेख करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में बाकायदा कोर एरिया में वन विभाग के वाहन के साथ निजी वाहन भी दिखाई दे रहा है।

### खुद विजय शाह ने बनाया वीडियो

पिकनिक का वीडियो खुद पूर्व वन मंत्री विजय शाह ने रिकॉर्ड किया है, जिसमें वह खुद एवं उनके मित्र के साथ पिकनिक का ब्यौरा देते नजर आ रहे हैं। स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला की उस जगह जहां पर पिकनिक मनाई गई उसकी खूबसूरती का बखान कर रहे हैं। रोरीघाट के सिद्ध बाबा कैंप से बाकायदा पचमढ़ी स्थित चौरागढ़ मंदिर का दर्शन भी विजय शाह ने मोबाइल के जरिए कराया।

### प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी से शिकायत

मामले की गंभीरता देखते हुए वाइल्डलाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी को शिकायत की है। उनकी शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया।

### इनका कहना है...

पूर्व वनमंत्री विजय शाह की दाल बाटी की पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हमें अभी तक यह ज्ञात नहीं हुआ कि वह किस रूट से उस कैंप में गए हैं। वीडियो को देख हमने जांच के लिए डिप्टी डारेक्टर एसटीआर को अग्रेसित कर दिया है।

**एल, कृष्णमूर्ति,** फील्ड डायरेक्टर, एसटीआर, नर्मदापुरम

# ठंडी हवाएं दिखा रही तेवर दिन में भी अलाव जले



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में सर्दी का सितम जारी है। मंगलवार को बादलों के बीच चली सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। हालांकि इस दौरान तापमान में हल्की बढ़ोतरी जरूर आई है,लेकिन लोग दिन में मफलर,टोपा और अलाव का सहारा लेते नजर आए। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हल्के बादलों के कारण रात के तापमान में 1 डिसे की बढ़त दर्ज हुई ओर पारा 12.4 डिसे पर ठहरा। जो सामान्य से 1 डिसे अधिक रहा। वहीं नर्मदापुरम में अधिकतम तापमान मामूली गिरावट के बाद 26.1 डिसे दर्ज किया गया। इधर पचमढ़ी में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। हिल स्टेशन में रात के पारे में मामूली से वृद्धि दर्ज होकर पारा 7.2 डिसे दर्ज किया गया। जो सामान्य से 1 डिसे अधिक रहा। वहीं दिन का तापमान 1.6 डिसे की गिरावट के बाद 17.4 डिसे पर जा ठहरा।

### हवा की गति बढ़ी

जिले में हवा की गति में बढ़ोत्तरी हुई। मंगलवार को 8-10 किमी प्रति घंटे की हवा चलने से लोग हलाकान हुए। मंगलवार को दिन भर मौसम सर्द हवाओं से जकड़ा रहा, जिससे तापमान ज्यादा न गिरने के बावजूद सर्दी का अहसास होता रहा। बीच-बीच में बादलों का डेरा रहा और धूप भी निकलती रही। लेकिन हवाओं के कारण सर्दी तेज महसूस हुई। ऐसे में रात का तापमान कुछ बढ़ा रहा, लेकिन दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट आई। अब दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में उछाल आने के आसार हैं। वहीं दिन में बादलों के बीच बीच धूप भी निकलती रही, लेकिन धूप में तेजी न होने और हवाओं की रफ्तार 10 से 12 किमी प्रति घंटा होने से सर्दी महसूस होती रही।

### इधर शहर में जलाए गए अलाव

तेज सर्दी की शुरूआत के साथ ही शहर के कई स्थानों पर लोगों को सर्दी से राहत देने के लिए अलाव जलाएं गए है।

# जनसुनवाई में आमजनों के 55 आवेदन आए, हुई समस्याओं की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ आमजनों की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 55 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में तहसील सोहागपुर के ग्राम किशनपुर निवासी कृषक सोशल ठाकुर ने उनकी भूमि का सीमांकन नहीं होने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार सोहागपुर द्वारा आवेदन कृषक के सीमांकन की तिथि निर्धारित की गई। साथ ही राजस्व निरीक्षक को सीमांकन के लिए निर्देशित किया और निर्धारित तिथि की सूचना आवेदक को दी गई। इसी प्रकार तहसील इटारसी के सिंधी कॉलोनी निवासी पुष्पेंद्र तिवारी ने जनसुनवाई में बताया कि वे गंभीर बीमारी से ग्रस्त है, जिसका उपचार एक निजी अस्पताल में किया जा रहा। वे आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है और उनके पास आय का कोई साधन भी नहीं है। जिस पर कलेक्टर ने आवेदक को तत्काल रेडक्रॉस के माध्यम से 5000 रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। राशि का चेक आवेदक को दिया गया। जनसुनवाई में केसला के ग्राम सहेली निवासी ललित यादव ने उनकी कृषि भूमि के पूर्व दिशा की ओर आम रास्ते पर अतिक्रमण किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने अतिरिक्त तहसीलदार केसला को आवेदक की भूमि का सीमांकन कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में ग्राम नाहरकोला निवासी महेश कुमार ने अपनी कृषि भूमि का सीमांकन नहीं होने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार सिवनीमालवा द्वारा आवेदक के सीमांकन की तिथि निर्धारित की गई।

बताया गया की 22 दिसंबर को आवेदक की भूमि का सीमांकन ईटीएमएस मशीन द्वारा किया जाएगा इसी प्रकार कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त अन्य आवेदनों पर भी गंभीरतापूर्वक सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव कल से

### महामंडलेश्वर स्वामी अभिषेक चैतन्य गिरी शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा तट पर गीता जयंती महोत्सव पर तीन दिवसीय ज्ञान सत्र का आयोजन 21 दिसंबर से आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में श्रीमद् भागवत गीता और जीवन मुक्ति विषय पर विद्वान अपने-अपने विचार रखेंगे। इसके साथ ही गीता मनीषी भी प्रवचन देंगे। शाम 7 बजे से सेठानी घाट स्थित तिलक भवन में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में ऋषिकेश से महामंडलेश्वर स्वामी अभिषेक चैतन्य गिरी महाराज भी शामिल होंगे। गीता जयंती महोत्सव समिति के पदाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में श्रीमद् भागवत गीता और जीवन मुक्ति पर सारगर्भित प्रसंग पर विद्वान, प्रवचन कार और गीता मनीषी प्रवचन देंगे। इस मौके पर अनेक विशिष्टजन शामिल होंगे।

### प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**नर्मदापुरम।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रुपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

# प्रमुख योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे

### कलेक्टर ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा सुचारू रूप से जारी हैं। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संकल्प यात्रा की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में संचालित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि यात्रा के दौरान केंद्र एवं राज्य की प्रमुख योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में लाभान्वित करना सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने सभी नोडल विभागों के अधिकारियों को केंद्र एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य की प्रमुख योजनाओं में प्राप्त नवीन आवेदनों की पोर्टल पर एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को संकल्प यात्रा के दौरान बी वन वाचन कर फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी उमा पटेल ने मास्टर स्टेट चैंपियनशिप में जीते 3 गोल्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी एवं जिला खेल अधिकारी नर्मदापुरम उमा पटेल ने उज्जैन में आयोजित मास्टर स्टेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता में तीन गोल्ड जीत हैं। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पावरलिफ्टिंग के तीन इवेंट स्क्वाट,बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट में 3 गोल्ड जीते हैं। इस शानदार प्रदर्शन पर उनका चयन फरवरी 2024 में गोवा में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया गया है।

### रामचरित मानस से बहुत कुछ सीखने की ज़रूरतः डॉ शास्त्री

# जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मंगलवार को संगीतमयी श्रीराम कथा बाईराम आश्रम (उत्तर तट) बांद्राभान में आयोजित श्रीराम कथा में कथावाचक डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी ने कहा की हृदय और भक्ति में सत्यता है तो भगवान कृपा जरूर करते हैं। हमें अपना अहम त्याग देना चाहिए। सत्संग के बिना विवेक नही मिलता जिसके जीवन में निष्ठा है। श्रीराम कथा के तीसरे दिन राम के जन्म होते ही पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी द्वारा भागवत चिंतन सेवा मिशन, श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से संगीतमयी में रामकथा भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा।

राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। अनिता शास्त्री ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। भए प्रगट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या हितकारी', रामायण की यह चौपाई बजते ही भाव विभोर हुए श्रद्धालु। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह पूर्व विधायक बुधनी, पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश वेयरहाउस, विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर, महेश उपाध्याय अध्यक्ष सलकनपुर देवी मंदिर ट्रस्ट, अशोक सिंह, शिवनारायण मालवीय, मनोहर सिंह राजपूत, अजयपाल सिंह ( बल्लू भैया ) लखन लाल थापक, चिंमन सिंह कुशवाहा, बद्रीप्रसाद सिसोदिया, हरिसिंह मीणा, लक्ष्मण सिंह, ब्रज मीणा, नर्मदापुरम नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, महेश खंडेलवाल बाबई, अभय खंडेलवाल सोहागपुर, सूरज मालवीय आरी, ओम प्रकार यादव, संगीत तिवारी, राजू अग्रवाल सेमरी, राजेंद्र गोस्वामी सोहागपुर, नगर पालिक अध्यक्ष, पाषर्दगढ़ सहित अन्य श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# हितग्राहियों को हितलाभ देने जिलेभर में निकाली जा रही भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा मंगलवार को जिले की अनेक ग्राम पंचायतों से निकाली गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। ग्रामवासियों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए छूटे हुए हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

विकसित भारत संकल्प यात्रा सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत भमेड़ीदेव और खारदा, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत खापरखेड़ा और गाढ़ाघाट, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत नया भाड़भूड़ और नया मल्लूपूरा, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत केसला और भेरूपुर, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत शुल्कारवाड़ाफार्म और जावली में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उटियाकिशोर एवं महुआखेड़ा कला में संकल्प यात्रा पहुंची और यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अनेक ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने किया सांसद की पुस्तकों का विमोचन



**बैतूल।** बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा क्षेत्र के सांसद दुर्गादास उइके,सांसद होने के साथ ही एक लेखक के रूप में भी ख्याति प्राप्त कर रहे है। श्री उइके द्वारा लिखित पुस्तक आत्म संवाद तथा ₹ळं'‘र्ल्ल ळङ्क री'ाऱ का आज नई दिल्ली में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विमोचन किया। श्री उइके ने बताया की उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी से अपनी पुस्तकों के विमोचन हेतु समय मांगा था आज लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पुस्तको का विमोचन किया गया। श्री उइके ने अंग्रेजी व हिंदी माध्यम में छपी इस पुस्तक की प्रतियां माननीय प्रधानमंत्री जी के साथ ही केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य गणों तथा संगठन के पदाधिकारियों को भी भेंट की। सांसद श्री उइके द्वारा लिखित पुस्तको का प्रकाशन प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्था प्रभात प्रकाशन द्वारा किया गया है।

नजूल पट्टों के नवीनीकरण के लिए शिविर लगाए जाने की मांग,

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मुलताई** -राजस्व न्यायालय में नजूल भूमि के पट्टे, नजूल पट्टों का नवीनीकरण, लम्बित आवेदनों का निराकरण की जाने के लिए राजस्व शिविर लगाए जाने की मांग को लेकर डॉ. हरप्रीत कौर खुराना ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया को ज्ञापन सौपा ज्ञापन में कहां गया है कि मुलताई राजस्व न्यायालय में नजूल भूमि के पट्टे, नजूल पट्टों का नवीनीकरण, धारणाधिकार नीति के लगभग 1550 आवेदन लम्बे समय से राजस्व न्यायालय में विचाराधीन है जिनका निराकरण ना होने से भू-स्वामियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व न्यायालय में लम्बित आवेदनों के निराकरण होने से जन समस्या का समधान तो होगा ही साथ ही प्रीमियम, भू-भाटक के रूप में शासन को राजस्व लाभ भी प्राप्त होगा जिसे देखते हुए नगर वासियों के हितार्थ उक्त आवेदनों के निराकरण हेतु विषय विशेषज्ञों की टीम का गठन कर केम्प का अयोजन किया जावे।

आर्म्स एक्ट के मामले में दोष मुक्त हुए बंटी राठौर

### युवा अधिवक्ता कलश दीक्षित ने की थी पैरवी

**बैतूल।** शशांक नगर बडोरा निवासी व्यवसाई बंटी उर्फ गौरव राठौर पिता रामप्रसाद राठौर को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आर्म्स एक्ट के मामले में दोष मुक्त कर दिया है। अभियुक्त बंटी उर्फ गौरव राठौर के अधिवक्ता कलश दीक्षित ने प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त बंटी राठौर पर आरोप थे कि विगत 14 सितंबर 2021 को लगभग 12 बजे दनोरा गांव के पास खेडी मेन रोड बैतूल में सार्वजनिक स्थान पर अपने आधिपत्य में बिना वैध अनुज्ञप्ति के लोहे की एक देशी पिस्टल, जिसके मुंठ पर काले रंग की प्लास्टिक की प्लेट एवं बट में एक मैगजीन लगी है, को रखा, जो आयुध अधिनियम की धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया था । प्रकरण में की गई पैरवी के दौरान विभिन्न तथ्यों पर जांच की गई।

### 101 को रक्तक्रांति अवार्ड

**बैतूल।** मां शारदा सहायता समिति के पितृ रक्त पुरुष स्व.ओमप्रकाश सलूजा के पुण्य स्मरण पर समिति व सलूजा परिवार द्वारा 19 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से शासकीय जेएच कालेज ऑडिटोरियम में विशाल रक्तदान व सम्मान शिविर का प्रारंभ पुष्पांजलि व रक्तदान से किया गया। संस्था के दीपक सलूजा,सोनू सलूजा, शैलेंद्र बिहारिया, महेंद्र मालवी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुष्पा सलूजा, रितु हेमंत खंडेलवाल, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, मुकेश खंडेलवाल, प्रदीप खंडेलवाल आदि मौजूद थे।

---

विकास के नाम पर वन भूमि पर अस्थाई सड़क का निर्माण, विभाग मौन

# बिना मंजूरी वन भूमि पर सड़क और पानी की टंकी का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



वन विभाग से बिना अनुमति लिए अस्थाई रूप से सड़क का निर्माण और पानी की टंकी स्थापित करने का काम नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से किया गया है। बताया जाता है कि चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 16 लिटिल फ्लावर स्कूल के पीछे वन भूमि है और इस वर्ग भूमि पर नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से बिना किसी एनओसी के बिना किसी वन विभाग के स्वीकृति के नगर पालिका के माध्यम से अस्थाई तौर पर सड़क और पानी की टंकी का निर्माण किया जा चुका है। आश्चर्य की बात तो यह है कि कई लोगों के माध्यम से पाथाखेड़ा डिप्टी रेंजर को इसकी मौखिक रूप से शिकायत दी गई लेकिन वन विभाग के डिप्टी रेंजर के माध्यम से इस और ध्यान देना उचित नहीं समझ गया।

आश्चर्य की बात यह है कि किसी समय वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के बेरियल वन क्षेत्र में हुआ करता था जिसे वन विभाग के माध्यम से हटाकर सड़क के दूसरे तरफ कर दिया गया ऐसी स्थिति में लिटिल फ्लावर स्कूल के पीछे वन विभाग से बिना अनुमति के अस्थाई सड़क का निर्माण कैसे किया गया यह जाच का विषय बना हुआ है। वैसे कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के 16 वार्डो में विकास किए जाने के नाम पर नगर पालिका परिषद सारनी के मार्ग अवैध तरीके से अतिक्रमण करके नाली सड़क पानी की टंकी का निर्माण कर रही है यदि 1994 से लेकर अभी

### वन क्षेत्र कंपार्टमेंट क्रमांक 345 में किया गया काम

नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से बिना अनुमति के सड़क और पानी का निर्माण टंकी का निर्माण करने का कार्य कंपार्टमेंट क्रमांक 345 में किया गया है ओझा मोहल्ला जो है वह स्थानांतरण भूमि है ओझा मोहल्ला वेकोलि की भूमि पर आता है लेकिन उससे थोड़े से आगे पूर्णतः वन क्षेत्र है वन क्षेत्र में नगर पालिका परिषद के माध्यम से किसी भी तरह का कोई विकास कार्य नहीं किया जा सकता उसके बाद भी बिना अनुमति के वन विभाग की भूमि पर पानी की टंकी और अस्थाई सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

### इनका कहना है

नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से अस्थाई सड़क निर्माण एवं पानी की टंकी स्थापित की जाने के लिए वन विभाग से किसी भी तरह की अनुमति नहीं ली है यदि बिना अनुमति के सड़क एवं पानी टंकी का निर्माण कार्य किया गया होगा तो वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**एस शर्मा,** बीट प्रभारी बगडोना उत्तर वन परिक्षेत्र सारनी

---

# केंद्र सरकार की योजना की वजह से मिल रहे पक्के मकान: किशोर बरदे

## अंशदान राशि जमा करने वाले 57 हितग्राहियों को सौंपा स्वामित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



गरीब मजदुर मध्यवर्गी परिवार के लोगों ने कभी भी यह सपना नहीं देखा कि उनका भी कभी पक्का मकान होगा लेकिन केंद्र सरकार की योजना की वजह से ही गरीब और मध्यवर्गीय परिवार को पक्का मकान मिल रहा है यह उदगार नगर पालिका परिषद सारनी के अध्यक्ष किशोर बरदे ने प्रधानमंत्री आवास का मालिक हक देते वक्त नगर पालिका परिषद सारनी में व्यक्त किया,नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना के कारण गरीबों और जरूरतमंदों को पक्का मकान मिल सका है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में 57 ऐसे लोगों को आवास प्रदान किया गया जिन्होंने अपना अंशदान पूरा दे दिया है। योजना के तहत अभी भी लोग नगर पालिका पहुंचकर आवेदन कर आवास प्राप्त कर सकते हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार,पार्षदगणों और अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आवासों का स्वामित्व प्रमाण पत्र सौंपा गया। आवासों का स्वामित्व मिलने के बाद हितग्राही काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम नगर पालिका परिषद सारनी में दोपहर 3 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार सहित रविंद्र पांसे, रंजीत सिंह, सीके मेश्राम, कमलेश सिंह, गणेश मस्की, प्रवीण सोनी, छाया अतुलकर, ज्योति नागले, मो.ताहिर अंसारी, विनय मदने आदि उपस्थित थे।

---

# ठंड बढ़ी, अलाव जलाने की मांग

**भौंरा।** शीत लहर के कारण नगर में ठण्ड बढ़ गई है. आसपास के 40 से अधिक गांव का सेंटर पाइंट होने की वजह से भौंरा में आए दिन ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को यहां पर रुकना पड़ता है.नगर में बाहर गांव के रहने वाले लोगों के लिए रुकने की कोई व्यवस्था नही है. पूर्व संसदीय सचिव रामजी लाल उईके ने अपने कार्यकाल में ग्राम पंचायत परिसर के पास एक रेन बसेरा की शुरुआत कराई थी परंतु स्थानीय जनप्रतिनिधियो का सहयोग नही मिलने से तब रेन बसेरा ज्यादा समय तक नही चल पाया था। अब जबकि नगर में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आना जाना बना रहता है ओर उन्हे आवागमन की सुविधा नही होने पर रुकना भी पड़ता है तब यहाँ पर रेन बसेरा की जरूरत है। रेन बसेरा की कमी से यहाँ रुकने वाले लोग मन्दिर, रेलवे स्टेशन एवं हाट बाजार में खुले में शेड के नीचे सोने को मजबूर है। पिछले साल ठण्ड की वजह से एक महिला की मौत भी हो गई थी। इस वर्ष ग्राम पंचायत द्वारा नगर में ठण्ड से बचाव के लिए अभी तक अलाव नही जलाए गए है। पूर्व उपसरपंच निलेश नायक, पूर्व पंच पवन कावरे, बबलू दुबे आदि ने ग्राम पंचायत भौंरा से जन हित में बाहर गांव से आने एवं जाने वाले लोगों के लिए चोराहो अलाव जला जाए।

### रेन बसेरा भी जरूरी है

ग्राम पंचायत मुख्यालय भौंरा में बाहर गांव के लोगों का आना जाना बड़ी संख्या में रहता है अनेको बार काम नही होने से लोगों को रुकना भी पड़ता है यहाँ पर अलाव जलाने के साथ ही रेन बसेरा का होना जरूरी है।

**सुधीर नायक,** जनपद सदस्य,

### इंतजाम किया जाएगा

दिनों दिन बढ़ रही ठण्ड की वजह से नागरिको द्वारा नगर में अलाव जलाने की मांग की जा रही है जो की जायज है। जल्दी ही भौंरा में प्रमुख जगह पर अलाव जलाने का इंतजाम किया जाएगा।

**राजेश उइके,** सचिव ग्राम पंचायत भौंरा

---

20 से 30 दिसंबर तक चलेगा

## काली माई व्यापारी संघ की बैठक में सुभाष घोटे उपाध्यक्ष मनोनीत



**सारनी।** मंगलवार को काली माई व्यापारी संघ की बैठक शोभापुर कॉलोनी के शक्ति नगर स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ के साधना केन्द्र में संपन्न हुई।बैठक में सर्वोच्च संपत्ति से सुभाष धोटे को काली माई व्यापारी संघ का उपाध्यक्ष मनोनीत करने का कार्य किया गया।इस अवसर पर काली माई व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश हरोड़ ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कई में व्यापारी संघ के माध्यम से व्यापारियों की समस्या को उठाने के अलावा सम सामाजिक विषय पर भी अपना ध्यान केंद्रित कर रही है जो बेहतर कार्य है।उपस्थित व्यापारियों ने व्यापारी संघ की वार्षिक गतिविधियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की,कालीमाई व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश हारोड़े ने इस वर्ष के आय-व्यय क विवरण सभी व्यापारियों के सामने रखकर वार्षिक सदस्यता काटने का प्रस्ताव रखा,जिस पर सभी व्यापारियों ने अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत वार्षिक सदस्यता अभियान चलाने पर सहमती प्रदान करने का कार्य किया।



### 115 प्रकरणों पर जनसुनवाई में जांच कर परीक्षण के निर्देश

**बैतूल ।** कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने कलेक्टर कार्यालय के ओपन सभागृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुना। प्रकरण पर आगामी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन तुरंत कार्रवाई के लिए अग्रेषित किए गए। सुनवाई में 115 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकतर आवेदन राजस्व के अंतर्गत भूमि संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें संबंधित एसडीएम, तहसीलदार के प्रकरण का परीक्षण कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि प्रति मंगलवार होने वाली जनसुनवाई के लिए पहले से ही आवेदन लिए जाकर संबंधित को तिथि से अवगत कराया जाता है।

---

# रिधोरा में पानी के टांके में मिले मां बेटे के शव

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस को मिला सुसाइड नोट







हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ग्राम रिधोरा स्थित एक घर के पानी के टांके में मिले मां बेटे के शव के मामले में मृतिका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। दूसरी ओर मृतिका के पास से सुसाइड नोट मिलने की बात सामने आई है। कमलेश पवार के निवास पर पत्नी पूनम पवार 25 वर्ष एवं डेड वर्षीय पुत्र भाविक पवार का शव घर के टांके में मिलने के बाद यह माना जा रहा था कि पुत्र को बचाने गई मां पूनम पवार एवं पुत्र दोनों की पानी के टांके में डूबने से मृत्यु हो गई किंतु कुछ समय बाद जब पूनम के परिजन सिवनी से रीधोरा पहुंचे तो इस घटना ने नया मोड़ ले लिया है। पूनम का परिवार जहां इसे हत्या बता रहा है वहीं कुछ लोग इसे आत्महत्या बता रहे हैं।

**पुलिस को मिलना सुसाइड नोट:** सुसाइड नोट मिलने की खबर के बाद संपूर्ण घटना ने नया मोड़ ले लिया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका पूनम पवार के पास से सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है किंतु इस सुसाइड नोट में क्या लिखा है पुलिस ने इसका खुलासा नहीं किया है क्योंकि यह जांच का विषय है।

**संपूर्ण क्षेत्र में फैल सनसनी:** एक डेढ़ वर्षीय बालक और उसकी मां का शव मिलने के बाद पूरे गांव सहित क्षेत्र में सनसनी फैल गई है । देर रात ही मौके पर पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी भी पहुंच गए थे। उन्होंने शव को टाके से बाहर निकाल कर पंचनामा बनाकर, शव पोस्टमार्टम हेतु मुलताई के सरकारी अस्पताल भेज दिया था। देर रात में ही मृतिका के परिजन भी रिधोरा पहुंच गए थे।

### जांच का विषय है

ग्राम रिधारा मे मां बेटे की मौत के मामले में पुलिस को सुसाइड नोट मिला है किंतु इस सुसाइड नोट में क्या लिखा है इसे ओपन नहीं किया जा सकता क्योंकि यह जांच का विषय है।

प्रज्ञा शर्मा थाना प्रभारी मुलताई

### मृतक के पिता ने कहा बेटी को किया जाता था प्रताड़ित

*मृतिका के पिता साहबराव किनकर निवासी सीवनी ने बताया कि दीपावली पर वे अपनी बेटी को लेकर गए हुए थे, एक हफ्ते पहले ही उसका पति कमलेश उसे वापस लेकर रिधोरा आया था, उन्होंने बताया कि 2021 में दोनों की शादी हुई थी, तब से ही कमलेश उनकी बेटी को परेशान करता था। पिछले हफ्ते जब वह वापस आए तब भी उसे 40000 और बेटी को अलग से कुछ पैसे दिए थे। कल दोपहर में उनकी बेटी ने फोन पर कहा था कि आप मुझे लेने आ जाओ, मै यहां नहीं रहा सकती अब, सामान पैक कर रही हुं। हम आज उसे लेने आने वाले थे, लेकिन रात में खबर मिली की उनकी बेटी और नाती को टाके में डूबने से मौत हो गई है। उन्होंने उसके पति कमलेश पर हत्या कर टाके में डालने का गंभीर आरोप लगाया है। फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस जांच में जुटी है, सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही साफ हो पाएगा की यह हादसा था या हत्या।*

---

## अनैतिक गतिविधियां सामाजिक बुराई है : सुशील जैन





**सारनी।** पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवम मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन द्वारा गायत्री शक्तिपीठ के पास होशंगाबाद रोड पर यूआरसी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट के इंजीनियर बी जयसूर्या एवं सीनियर सेफ्टी मैनेजर राहुल घोष,साइड इंचार्ज मिस्टर कार्तिक और उनकी टीम को मानव कल्याण के लिए चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान एवं जीवन में बचत का महत्व बताया। आपने कहा कि आपके द्वारा इतनी मेहनत से धन प्राप्त किया जाता है, उसका नाश कर या जुआ खेल कर उसे बर्बाद नहीं करना चाहिए क्योंकि नशा,जुआ इस प्रकार की सभी गतिविधियों को सभी धर्म में निषेध बताया गया है। यह सभी त्याग करने योग्य है,इसके स्थान पर अपने धन को अपने जीवन स्तर सुधारने के लिए विनयोग करें,इस प्रकार प्राप्त धन को मौलिक मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति पर व्यय करना चाहिए और अपने आने वाले भविष्य के लिए धन की बचत कर उसे विनयोग करना चाहिए।नशा एक अत्यधिक सामाजिक खतरनाक समस्या है।जिससे लोगों के शारीरिक,मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। यह मानसिक और शारीरिक रूप से व्यक्ति को कमजोर और निर्बल बना देता है और उसकी उच्चतम सम्भावनाओं को दबा देता है।

---

स्थानीय लोगों को नहीं दिया महत्व

# कंपनी के खिलाफ लाम बंद होंगे शहर के ठेका मजदूर

**सारनी।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा में दो बहरी कंपनी के माध्यम से तवा और छतरपुर खदान में मशीन से कोयला खनन करने का कार्य किया जा रहा है।इन दोनों कंपनियों को स्थानीय स्तर के 65 प्रतिशत कर्मचारियों को रखा जाना था लेकिन अरविंदो कंपनी के माध्यम से कुछ युवाओं को स्थान स्तर पर रखा गया है।जबकि जाँय कंपनी ने संपूर्ण कर्मचारियों को बाहर से बुलाकर लाया है। ऐसी स्थिति में आदिवासी क्षेत्र में आदिवासियों की भूमि अधिग्रहण करके जो भूमिगत खदानें बनी है उन खदानों को लेकर एक बार फिर ठेका मजदूर लामबंद होने की तैयारी कर रहे हैं।

यदि स्थानिक ग्रामीण क्षेत्र के लोग लामबंद हुए तो वेकोलि की तवा और छतरपुर खदान में काम करने वाले निजी कंपनियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इससे भी आश्चर्य की बात किया है कि तवा परियोजना में जो मजदूर सप्लाई करने का काम सारनी के कुछ लोगों के माध्यम से किया जा रहा है वह कोल इंडिया की कोल माइंस 1956 की धारा का खुला उल्लंघन करके भूमिगत खदानों में ठेका मजदूरों की सप्लाई कर रहे हैं,जो मापदंड के विपरीत है।सूत्रों का कहना है की सारनी के इस ठेकेदार के माध्यम से पहुंच पकड़ और रासु दबाव बनाकर तवा खदान में आई अरविंदो कंपनी के लगभग 80 प्रतिशत कम कैंटीन ड्राइवरी लेबर सप्लाई यह सब कर हथियाना का कार्य किया है। इसको लेकर जल्द ही श्रमिक संगठन भी इन दोनों कंपनियों के खिलाफ लामबंद की रूपरेखा तैयार कर चुके हैं श्रमिक संगठनों का कहना है कि तानसी खदान से 424 कर्मचारियों का स्थानांतरण पाथाखेड़ा एरिया में हुआ है उन कर्मचारियों को व्यवस्थित करने के बाद अरविंदो और जाँय कंपनी के खिलाफ ठेका मजदूरों को साथ में रखकर भूमिगत खदानों से जो कोयल का दोहन करने का कार्य किया जा रहा है। उसके खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा।

---

संभावना: गलती से गिरा होगा तेंदुआ

## पहावाड़ी के पास कुएं में मिला तेंदुए का शव पोस्टमार्टम के बाद किया अंतिम संस्कार

**शाहपुर।** ब्लॉक मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर पहावाडी के पास एक कुएं में तेंदुए का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सम्भावना व्यक्त की जा रही हैं कि तेंदुआ गलती से कुएं में गिरा हो, लेकिन वह विभाग पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।

उत्तर सामान्य वन मंडल के डीएफओ सुधांशु शेखर ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 2 बजे पहावाड़ी से सूचना प्राप्त हुई थी कि राजस्व विभाग की भूमि पर स्थित जंगल में एक तेंदुए का शव तैर रहा है। इसके बाद वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2 बजे पहावाड़ी के सहायक सचिव सुशील मालवीय द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि जंगल में सुखदेव मार्सकोले के कुएं में एक तेंदुए का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद शाहपुर वन विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी मौके पर पहुंचे और मुआयना किया। देर शाम होने के कारण शव को कुएं से बाहर नहीं निकाला जा सका था। इसके बाद सोमवार को तेंदुए के शव को कुएं से बाहर निकल गया । तेंदुआ नर प्रजाति का है एवं इसकी उम्र करीब 4 वर्ष बताई जा रही है।



वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर ही पशु विभाग के 3 डॉक्टरों की पैनल से तेंदुए का पोस्टमार्टम घटनास्थल पर ही करवाया है। सोमवार करीब 4 बजे वहीं पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान डीएफओ श्री शेखर समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### जांच के बाद होगा स्पष्ट

तेंदुए का शव कुएं में मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी हर एंगल से जांच कर रहे है। शिकार के संभावित एंगल को भी देखा जा रहा है। वैसे सम्भावना है कि तेंदुए को कुंआ नहीं दिखाई दिया होगा और वह नीचे जा गिरा। पानी मे दम घुटने से उसकी मौत हो गई हो। डीएफओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

---

ग्राम पंचायतों में पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

# कन्या पूजन, कलश यात्रा के साथ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल





जिले की मुलताई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जम्बाड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत कन्याओं के पग पूजन कर किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा निकाली। आमजनता की इस भागीदारी से शासकीय कार्यक्रम एक समारोह के रूप में परिवर्तित हो गया। ग्राम पंचायत जम्बाड़ी में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को आमला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत अंबाडा एवं बोथिया ब्राम्हाणवाड़ा में पहुंची। ग्राम पंचायत अंबाडा में 336 ग्रामीण शामिल हुए एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिसमें उज्जवला योजना अंतर्गत 2, आयुष्मान भारत कार्ड 2, किसान क्रेडिट कार्ड के 2 आवेदक शामिल हुए। इसके अलावा स्वास्थ्य केम्प का 9 लोगों ने लाभ लिया। इसके बाद यात्रा ग्राम पंचायत बोथिया ब्राम्हणवाड़ा पहुंची। यात्रा में 266 ग्रामीण शामिल हुए। संकल्प यात्रा के दौरान शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु उज्वला योजनांतर्गत एक, आयुषमान भारत कार्ड अंतर्गत एक, किसान क्रेडिट कार्ड अंतर्गत एक, बीमा सुरक्षा अंतर्गत एक आवेदन प्राप्त हुआ। इसके अलावा स्वास्थ परीक्षण हेतू 74 आवेदन प्राप्त कर लाभान्वित किया गया। यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत अंबाडा एवं बोथियाब्राम्हणवाडा में 19 महिलाओं, 61 छात्रों, 11 खिलाडियों को पुरुस्कृत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगवलवार को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा में पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के दनोरा (जीन) तथा टाहली, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम मानी, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम गोल्हईबुजुर्ग तथा खापा, शाहपुर जनपद पंचायत के ग्राम रामपुरमाल तथा सीतलझिरी, आमला जनपद पंचायत के ग्राम अंबाड़ा, बोथिया ब्राम्हणवाड़ा, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम परमंडल तथा जम्बाड़ी, प्रभातपट्टन जनपद पंचायत के ग्राम रगड़गांव तथा गेहूंबारसा, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम टेमुरनी, में योजनाओं की जानकारी दी।

### हम शपथ लेते है कि...

*संकल्प यात्रा के ग्राम दनोरा जीन में अधिकारियों ने आमजनता को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई कि हम शपथ लेते है कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंक, समृद्ध है विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान कर नागरिक होने का कर्तव्य निभायेंगे।*

### बुधवार को यात्रा का रूट चार्ट

*विकसित भारत संकल्प यात्रा 20 दिसंबर को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा में पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम देवगांव तथा बोदीजुनावानी, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम अंधेरबावड़ी, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम बंजारीढाल तथा सातलदेही, शाहपुर जनपद पंचायत के गाम रोहरा तथा भौंरा, आमला जनपद पंचायत के ग्राम ससुंद्रा तथा नांदपुर, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम भिलाई तथा माही, प्रभात पट्टन जनपद पंचायत के ग्राम मोरण्ड तथा चारसी, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम बोथिया तथा झल्लार, भीमपुर जनपद पंचायत के ग्राम बाटलाकला में भ्रमण कर शासन की योजनाओं की जानकारी देंगी।*

स्वयं का ग्रह वार्ड नही जिता पाए 13 कांग्रेसी पार्षद

# नतीजों में जनता ने कांग्रेस को नकारा नगर के 31 वार्डों में मिली हार

हाल ही संपन्न हुए विधानसभा चुनाव 2023 में इटारसी नर्मदापुरम विधानसभा के इटारसी नगर में कांग्रेस का प्रदर्शन पिछले कई दशकों की तुलना में इस बार सर्वाधिक खराब रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नागरिको ने एंटी इनकंबेंसी और निर्दलीय प्रत्याशी की हवा के बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ सीतासरन शर्मा को भरपूर मत समर्थन दिया नतीजतन 31 वार्डों में कांग्रेस को करारी हार मिली। कांग्रेस के पार्षदों ने भी कांग्रेस की नैया डुबाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नगर पालिका के 14 कांग्रेसी पार्षदों में से सिर्फ एक महिला पार्षद ही अपना वार्ड कांग्रेस को जीता पाई है। जबकि कई बड़े और दिग्गज कांग्रेसी नेता अपने गृह वार्ड में ही कांग्रेस को पतीला लगाकर शान से बैठे हुए हैं। यहां तक कि 24 वार्डों में तो कांग्रेस पहले और दूसरे पायदान से फिसलकर तीसरे नंबर पर जा पहुंची। नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष वार्ड नंबर 10 की पार्षद रफतजहां सिद्दीकी ही एकमात्र ऐसी कांग्रेसी पार्षद है जिन्होंने अपने वार्ड से कांग्रेस को 84 मतों से जिताया। हालांकि इसी बीच वार्ड 24 से भाजपा पार्षद-सभापति नाजिया बेगम और नपाध्यक्ष पंकज चौरे के करीबी माने जाने वाले वार्ड 26 पार्षद कुंदन गौर अपना वार्ड गवां बैठे और यहां कांग्रेस को बढ़त मिली। गौर करने वाली एक बात यह भी है कि जिन तीनों वार्डों में कांग्रेस जीती है वहां मुस्लिम मतदाता लगभग बराबरी से या फिर आधे से अधिक की संख्या में मौजूद है।

### 49 फीसदी मतदान भाजपा के पक्ष में

निर्वाचन आयोग के अनुसार विस चुनाव में शहर में करीब 75695 मतदाता है। जिनमे से 56101 मतदाताओं ने मतदान किया। कुल मतदाताओं का 36 फीसदी एवं मतदान का 49 फ़ीसदी मत (27892) भाजपा प्रत्याशी डॉ सीतासरन शर्मा को गया है। वही कुल मतदाताओं में से सिर्फ 16 फीसदी एवं कुल मतदान में से 22 फ़ीसदी मत (12859) कांग्रेस प्रत्याशी पं गिरजा शंकर शर्मा को मिले हैं। कांग्रेस को पछाड़ते हुए निर्दलीय प्रत्याशी भगवती चौरे ने कुल मतदाताओं का 20 फ़ीसदी एवं मतदान का 27 फ़ीसदी (15350) मत प्राप्त करके दूसरा स्थान सुनिश्चित किया।

### कैसे मांगेंगे कांग्रेस के लिए वोट

नगर मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने समर्पित भाव से पार्टी का काम नहीं किया बल्कि दोगलापन करके निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार किया। सिंह ने अपने इस आरोप का तर्क देते हुए कहा कि नगर निकाय चुनावों में जनता ने 14 पार्षदों को कांग्रेस की बटन दबाकर बहुमत से जिताया। अर्थात जीते हुए पार्षदों ने ईमानदारी से कांग्रेस के पक्ष में कार्य करके लोगो का भरोसा जीता। लेकिन अब ऐसा क्या कारण रहा कि वहां की जनता ने कांग्रेस को पहले नंबर से दूसरे और तीसरे नंबर पर लाकर खड़ा कर दिया। इसके दो कारण हो सकते है, पहला तो कांग्रेस के प्रति लोगो का भरोसा खत्म हो चुका है। दूसरा उक्त वार्ड के कांग्रेसी नेताओ और पार्षदों ने कांग्रेस से बेईमानी करके निर्दलीय प्रत्याशी का काम किया हो। खैर जो भी हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और भाजपा सरकार से लोगो का विश्वास बढ़ गया है और अटूट रिश्ता बन गया है तभी अमजनता ने कांग्रेस को हरा का स्वाद चखाया। जिन चुनिंदा नेताओ ने कांग्रेस से बेईमानी की है अब वो किस मुंह से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए वोट मांगेंगे। जनता समझदार है वो अब इनके बहरूपियो के बहकावे में नहीं आयेगी।

### इन वार्डो में दूसरे और तीसरे नंबर पर रही कांग्रेस

शहर के वार्ड नंबर 10, 24 एवं 26 छोड़कर शेष 31 वार्ड भाजपा जीती है। लेकिन वार्ड नंबर 9, 11, 22, 25, 28, 30, 34 में कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। जबकि 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 23, 27, 29, 31, 32, 33 वार्डों में कांग्रेस तीसरे नंबर पर पहुंच गई। तीसरे नंबर पर पहुंचने वाले वार्डों में दिलीप गोस्वामी, नारायण ठाकुर, रमा चंद्रवंशी, गीतांजलि चौधरी, संजय ठाकुर, अमित कापरे, मीना साहू, कन्हैयालाल मिहानी, सीमा भदौरिया, तुसला वर्मा जैसे बड़े कांग्रेसी पार्षदों के नाम शामिल हैं। ये वो पार्षद है जिन्होंने निकाय चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को धूल चटाई थी।

### पत्रकार की टिप्पणीः कांग्रेसी हार की जबाबदारी से कैसे बचेंगे

नर्मदांचल के वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे ने विस चुनाव के नतीजों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि 1952 के बाद यह पहली बार हुआ है जब नतीजों में कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही। हमने देखा था कि निकाय चुनावों में भी कांग्रेस के 14 पार्षदों में से 6 पार्षदों ने भाजपा के अध्यक्ष को वोट दिया था। विस चुनावों में रफतजहां सिद्दीकी का वार्ड छोड़कर सभी पार्षद अपना वार्ड हार गए। कांग्रेस नेतृत्व के लिए यह स्वयं की समीक्षा की घड़ी है क्योंकि हम लोकसभा चुनाव की दहलीज पर खड़े है। दो चुनावों में कांग्रेस घर के भेदियों के कारण हार से मुखातिब हो चुकी है। वे लोग जो कांग्रेस में बड़े बड़े पद और जिम्मेदारी लेकर बैठे है वह इस हार की जबाबदारी से भाग नही सकते।

### जनता ने भरोसा किया है, विकास जारी रहेगा

विस चुनावों के नतीजे किसी और के लिए चौकाने वाले हो सकते है लेकिन हमे पहले दिन से विश्वास था कि सभी नतीजे भाजपा और हमारे पक्ष में ही आयेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं इटारसी नपाध्यक्ष पंकज चौरे की ट्रिपल इंजन सरकार में हमने इटारसी की जनता के लिए विकास के सभी दरवाजे खोलकर उनकी सेवा की है। पीएम आवास जेसी केंद्रीय योजनाएं हो, या लाडली बहन जैसी प्रादेशिक योजनाएं, या फिर नगर की पंकज चौरे सरकार की चुहुमुखी विकास की योजनाएं हो। हमने हर प्रकार से यह प्रयास किया है कि जनता को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं विकसित इटारसी दे सके। हम इन सभी वादों पर खरे उतरे इसलिए जनता ने हमे मत स्वरूप आशीर्वाद प्रदान किया। अब यह समय किसी की आलोचना का नही बल्कि शहर के विकास के लिए नए स्वरूप में कार्य करने का है। हम जनता का विश्वास हमेशा बनाया रखेंगे विकास किया है विकास करते रहेंगे।

**डॉ सीतासरन शर्मा,** विधायक, नर्मदापुरम

# आसामाजिक तत्वों से कॉलोनीवासी परेशान, एसडीएम से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

सिवनी मालवा नगर की उदय विहार कॉलोनी के रहवासी इन दोनों आसामाजिक तत्वों के जमावाड़े से खासे परेशान है। कॉलोनी में रहने वाले लोगों का कहना है कि आसामाजिक तत्व यहां पर मादक पदार्थों का सेवन करते हैं जिसके कारण यहां रहने वाले लोगों को बहुत परेशानियां उठाना पड़ती है। मना करने पर यह लोग मारपीट करने पर भी उतारू हो जाते हैं, साथ ही कॉलोनी में मुलभुत सुविधाओं का भी अभाव है जिसके लिए नगर पालिका कॉलोनाइजर को जिम्मेदार ठहरती है तो वही कॉलोनाइजर का कहना है कि अब कॉलोनी नगर पालिका के हैंडोवर है। इन दोनों के बीच उदय बिहार कॉलोनी में रहने वाला रहवासी परेशान हो रहा है। मंगलवार के दिन सभी रहवासी इकट्ठा होकर तहसील कार्यालय पहुँचे और एसडीएम प्रमोद गुर्जर को शिकायती आवेदन देकर समस्या के निराकरण की मांग की। कॉलोनीवासियों का कहना है कि हम सभी रहवासी उदय विहार कालोनी शिवपुर रोड लिवती मालवा से है। हमारी कालोनी मे असमाजिक तत्वों के द्वारा प्रतिदिन शराब, गांजा व अन्य मादक पदार्थों का सेवन किया जाता लेव रेत का अवैध भंडारण किया जाता है व रोकने पर झगड़ा किया जाता है। जिसके कारण हम सभी रहवासियों को रहने में असुविधा का सामना करना पड़ता है व कालोनी में भय का माहोल व्याप्त है। साथ ही कालोनी में साफ सफाई व स्ट्रीट लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है जो स्ट्रीट लाइट वर्तमान में लगी है वह रहवासियों द्वारा लगवाई गई। कालोनाईजर से बोलने पर यह जान मिलता है कि कॉलोनी नगरपालिका के हैंडओवर (अधीन) है जिसका मेंटनेस नगर पालिका करेंगी परन्तु जब इस विषय पर नगरपालिका में संपर्क किया गया तो नपा द्वारा यह बताया गया कि कालोनी अभी भी कालोनी नाइजर के अधीन है। कॉलोनी वासियों ने एसडीएम को शिकायती आवेदन में कहा कि उक्त समस्या के लिए जिम्मेडार व्यक्ति या संस्था को सूचित कर उचित निराकरण करें।

### किसान भवन में व्यापारियों के मजदूरों का डेरा अधिकारी अनभिज्ञ




**सेमरी हरचंद।** कृषि उपज मंडी में स्थित किसान भवन किसानो की सुविधा के लिए बनाया गया है परंतु जब से कृषि उपज मंडी में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हुआ है। तभी से व्यापारियों के मजदूर उसमें डेरा जमाए बैठे हैं कृषि उपज मंडी की सचिव हेमवती कवरेती बात करने पर उन्होंने बताया कि मैं अभी शासकीय कर से बाहर हूं जानकारी लेकर बताती हूं।

### फोटो निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी

**नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के मान से निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी दी की निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत 01 जनवरी से 22 जनवरी 2024 के मध्य दावे आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जायेगा।

# इटारसी नगर के 13 बस्ती केंद्रों तक अक्षत कलश पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलशों की मंगलवार को श्री झूलेलाल मंदिर सिंधी कालोनी में पूजन पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी, नगर संघ चालक प्रकाश ताम्रकर, विहिप नगर कार्याध्यक्ष महेश वालेचानी ने किया। नगर की 13 बस्ती से आये राम भक्तों को संबोधन करते हुये प्रांत सह मंत्री गोपाल सोनी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा कि धर्म और राष्ट्र की रक्षा करने वाली आत्मा पुनः नया जन्म लेकर धर्म और राष्ट्र रक्षा के लिये संघर्ष करती है, हमारे के पुरखों एवं पूज्य संतों की कृपा से वो परम सौभाग्य दिवस के हम सभी साक्षी बनने वाले जब 22 जनवरी को 497 सालों के बाद प्रभु श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर विराजमान हो रहे हैं। इस अलौकिक उत्सव में सकल हिन्दू समाज की सहभाग हो इस पावन उद्देश्यों से जो अक्षत कलश में भेजे गये हैं, उनको हर हिन्दू परिवार में देकर आग्रह किया कि अपने मोहल्ले का मंदिर और घर राममय हो। अक्षत कलश बस्ती केन्द्रों के मंदिर में दर्शन के लिये रखे जायेंगे और 1 से 15 जनवरी तक हिन्दू परिवारों से संपर्क कर उन्हें पीले चावल का न्यौता दिया जायेगा। इस अवसर पर बस्तियों के संयोजक एवं सह संयोजक अवधेश मालवीय, राजेश कोरी, राजकुमार मालवीय, जयदीप प्रजापति, हर्षल गालर, रामबाबू राजपूत, रामानंद शर्मा, यश शर्मा, उमेश चौधरी, ज्ञानेश ताम्रकर, कुलदीप रावत, तेज सिंह राजपूत, अनूप तिवारी, अमन रावत, संदीप यदुवंशी, अभिषेक दुबे, प्रशांत पटैल, प्रतीक चौरासिया, राजेश यादव, शिवा सराठे, ब्रजेश यादव, आकाश यादव, भवानी कहार, कृष्णा यादव, अमित बाजपेयी, अखिलेश तिवारी को अक्षत कलश सौंपे गये। जिला मंत्री प्रभात तिवारी एवं अभियान के जिला सह संयोजक मनोज राय, नगर मंत्री चेतन राजपूत, अभियान के नगर सह संयोजक अनिल गेलानी ने नगर के सभी जाति बिरादरी के प्रमुख, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रमुखों से रामकार्य में सहयोग का आग्रह किया गया।

# सर्वोदय विद्यापीठ ने अपने 30 साल का सफर व 101 एपिसोड मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




नगर के सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल के द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य और स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर 101 एपिसोड और 30 साल का सफर ग्राम पंचायत डापका में संपन्न कराया। जिसमें संस्था के प्रमुख आनंद प्रकाश शर्मा प्राचार्य भगवती तिवारी, प्रधानाचार्य अंजू जाटव, संस्था के स्टाफ अनीता बाथरे, रोशनी, शशि, के व्यास भी उपस्थित रहे। कक्षा 12वीं की छात्राओं के ऐतिहासिक अवसर पर सैकड़ो नन्हे बच्चों को गर्म कपड़े पढ़ाई संबंधी सामग्री जूते मोजे आदि का वितरण संस्था के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में गांव के वृद्ध जनों का भी शाल श्रीफल के साथ सम्मान किया गया और घरों घर पहुंच कर ग्रामीण जनों से शिक्षा और विकास स्वच्छता पर चर्चा की। बच्चों के द्वारा कविताएं पाठ आदि सुनाए गए पर्यावरण पर सामाजिक पहल कार्यक्रम के अनुसार डोकरीखेड़ा डैम का तलब किया गया और इस कार्यक्रम की साइट डॉक्यूमेंट्री फिल्म में भी बनाई जाती है। जिसे आनंद प्रकाश शर्मा के निर्देशन में पप्पू आम्रवंशी के द्वारा शूट किया गया जो देश के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को पहुंचाई जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक आशीष स्वामी शिव कुमार उर्मिला बाई मुन्ना भाई रिंकी मैडम आदि का विशेष योगदान रहा। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों वृद्ध सभी लोग कार्यक्रम में शामिल रहे।

# नल लगाने के नाम पर गांव की सड़कें उधेड़ दी

### जल जीवन मिशन की ठेकेदार नहीं ले रहा सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



नगर के नया मोहल्ला शासकीय चिकित्सालय के पीछे लगभग तीन-चार लाइनों में जल जीवन मिशन के ठेकेदार द्वारा दो-तीन माहपूर्व सड़क खोद कर नल की लाइन बिछाने का कार्य किया गया जिसके लिए लगभग तीन गुना चार के गड्ढे भी खोदे गए परंतु नल की लाइन लगाने के बाद आज 3 माह बाद भी ना तो गड्ढों को पाटने का काम किया गया और ना ही खोदी गई सड़कों पर सुधार का कार्य किया जा रहा है जिससे ग्राम वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इनके द्वारा खोदै गए गड्ढो में पानी भर जाता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है इस संबंध में लोकस्वास्थ्ययांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर दर्शन धुर्वे से बात करने पर उन्होंने बताया कि शायद पाइपलाइन की टेस्टिंग नहीं होने के कारण सड़कों के सुधार का कार्य नहीं किया गया है मैं जानकारी लेकर बताता हूं।

### तारण-तरण देव की जयंती पर निकाली पालकी शोभायात्रा



**इटारसी।** जिन तारण तरण देव जयंती के मौके पर मंगलवार को प्रातः 8:15 बजे श्री चैत्यालय में झंडा वंदन हुआ। झंडा वंदन के उपरांत मंदिर विधि, आरती एवं प्रभावना संपन्न हुई। प्रातः 10 बजे महिलाओं द्वारा मंगल गीत एवं श्री जिनवाणी की पालकी शोभायात्रा एवं चल समारोह पहली लाईन स्थित चैत्यालय से प्रारंभ हुआ। पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र एवं महिला वर्ग पीले व केसरिया वस्त्रों में उपस्थित हुए। चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ वापस चैत्यालय पहुंचा। दोपहर 12:30 बजे पात्र भावना कार्यक्रम श्री महावीर भवन, पहली लाइन मे संपन्न हुआ। तारण समाज के सभी प्रतिष्ठान दोपहर 2 बजे तक बंद रहे।

### नल-जल योजना का काम अधर में,निर्माण सामग्री भी घटिया

**पिपरिया।** ग्राम पंचायत खापरखेड़ा में नल-जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग के उपयंत्री की देखरेख में जल कनेक्शन के लिए प्रत्येक घर में टोटी के माध्यम से पानी सप्लाई के लिए घरों के सामने नल लगाए गए तथास्तु फाउंडेशन बनाए गए ठेकेदार के द्वारा आज दिनांक तक निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री भी घटिया किस्म की लगाई गई है तथा गांव वासियों को दिनांक तक पीने का पानी प्राप्त नहीं हुआ है। पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाने का कार्य स्वीकृत हुआ था इस प्रोजेक्ट का ठेका ठेकेदार को दिया गया जिसमें घटिया पदार्थ का इस्तेमाल कर गुणवत्ता ही निर्माण कार्य कराए गए तथा ग्राम पंचायत की पाइपलाइन को जमीन में बेचने के लिए सारी सड़क एवं नालियों को ठेकेदार के द्वारा तोड़ दिया गया। इसके लिए सरपंच सुलभ गोदानी के द्वारा लगातार वरिष्ठ अधिकारियों तक शिकायत की गई लिखा पड़ी भी की गई प्रस्ताव भी किया गया ग्राम सभा में भी प्रस्ताव लिया गया अधिकारियों को दिया गया लेकिन आज दिनांक तक किसी भी अधिकारी के द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# विश्व में भारत विषय पर परिचर्चा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी एवं राजनीति विभाग के द्वारा मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय था विश्व में भारत कार्यशाला के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके रघुवंशी ने छात्रों संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के लिए शुरुआत स्वयं से होनी चाहिए हम सब के प्रयास से ही 25 वर्षों में यह स्थिति प्राप्त हो सकेगी। विकसित भारत 2047 के आंदोलन में हम सब का योगदान अमूल्य है। तत्पश्चात राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एस के अग्रवाल ने विकसित भारत 2047 के परिपेक्ष में काफी महत्वपूर्ण जानकारी दी साथ ही हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रमाकांत सिंह ने सभी देशों में भारत की वर्तमान स्थिति, जीडीपी मूल्य अमेरिकी डॉलर और कई सारे मुख्य बिंदुओं पर छात्रों का ध्यान केंद्रित किया। साथ ही राजनीति विभाग के प्रोफेसर कमल सिंह अहिरवार ने विश्व में भारत की अच्छी छवि बनाने के लिए प्रयासों की सराहना की।

### लक्ष्य, भारत, किंग्स इलेवन, सिंध, विल्स और संत रविदास क्लब जीते

# टेनिस बाल क्रिकेट का रोमांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति के तत्वावधान में यहां गांधी स्टेडियम में खेली जा रही आचार्य चाणक्य कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को भी छह मैच खेले गये। कुछ मैचों के मुकाबले काफी करीबी रहे। दर्शकों को मैचों में भरपूर आनंद आ रहा है। सुबह से खिलाड़ी और दर्शक मैदान पर पहुंच जाते हैं। संयोजक जितेन्द्र ओझा ने बताया कि मंगलवार के दिन का पहला मैच गुर्जर क्लब और लक्ष्य क्लब के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य क्लब ने निर्धारित 8 ओवर्स में 107 रन बनाये। बल्लेबाज हैरी ने 14 गेंदों पर 37 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने दो ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट भी लिये। उन्हें मैन आफ द मैच दिया। लक्ष्य क्लब ने यह मैच 12 रनों से जीता। दूसरा मैच भारत क्लब और इंडियन हैदरी क्लब के मध्य हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत क्लब ने 102 रन बनाये। जवाब में हैदरी क्लब केवल 59 रन ही बना सका और भारत क्लब ने यह मैच 43 रनों से जीत लिया।

तीसरा मैच किंग्स इलेवन और बी बॉयज के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर किंग्स इलेवन ने क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बी बॉयज ने 60 रन बनाये। जवाब में किंग्स इलेवन ने 64 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के सुमित ने 17 गेंद में 49 रन बनाये। चौथा मैच सिंध क्लब और बीसीसी क्लब के बीच हुआ। सिंध क्लब ने पहले खेलते हुए 8 ओवर में 127 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। जवाब में बीसीसी क्लब की पूरी टीम 77 रना पर सिमट गयी। सिंध क्लब के विवेक नवलानी ने 31 गेंद में 78 रन और वंश ने 16 गेंद पर 45 रनों की पारी खेली। पांचवा मैच विल्स क्लब और रॉयल्स राजपूत क्लब के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विल्स क्लब ने 4 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाये। जवाब में रॉयल्स राजपूत लक्ष्य से दूर रह गयी और विल्स क्लब ने यह मैच जीत लिया। 19 गेंद पर 49 रन बनाने पर आकाश यादव को मैन आफ द मैच चुना गया। छटवा मैच विश्वकर्मा वारियर्स और संत रविदास क्लब के मध्य खेला गया।

पहले वल्लेबाजी करते हुए विश्वकर्मा इलेवन ने कुल 62 रन बनाये। जवाब में संत रविदास क्लब ने 66 रन बनाकर मैच जीत लिया। सभी मैचों में उत्तम खाड़े, कुलदीप रघुवंशी, रिचर्ड डिकोस्टा, हरीश, मोहसिन, अचला दुबे ने अम्पायरिंग की। दिनेश उपाध्याय, राकेश दुबे, अयम दुबे, आलोक गिरोटिया, प्रकाश दुबे ने कमेंट्री की। मैच में आज लायन अनिल झा, पवन बोहरा, शंकर गेलानी, सत्येन्द्र अवस्थी, राजेश चौधरी, संजय मनवारे, श्याम राजपूत, अनिल मिहानी, सुनील जैन ने बतौर अतिथि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### साहित्यकार डॉ अखिलेश राव होंगे सम्मानित



**माखननगर।** इंदौर के साहित्यकार डॉ अखिलेश राव सहायक प्राध्यापक हिन्दी साहित्य देवी अहिल्या कला एवम वाणिज्य महाविद्यालय को नर्मदापुररम जिले के जवाहर लाल नेहरु स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर के वार्षिकोत्सव समारोह में स्वर्गीय ठाकुर अरविंद सिंह चौहान स्मृति साहित्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो की डॉक्टर अखिलेश राव की प्रारंभिक शिक्षा माखन नगर में हुई है। माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय माखन नगर में भी इन्होंने शिक्षा ग्रहण की उनकी रचना कविताएं कई अखबारों में प्रकाशित हुई एवं कई मंचों पर डॉक्टर राव ने काव्य पाठ किया है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिकों ने बधाई शुभकामनाएं दी है।

# एनसीसी अधिकारी का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में 13 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नन हरप्रीत सिंह द्वारा महाविद्यालय एनसीसी इकाई का औचक निरीक्षण किया गया महाविद्यालय में संचालित एनसीसी इकाई के क्रेडिट के द्वारा कमान अधिकारी को सलामी दी गई उन्होंने महाविद्यालय एनसीसी परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी द्वारा एनसीसी इकाई के ऑफिस एवं स्टोर रूप का निरीक्षण किया गया उन्होंने महाविद्यालय परिसर में खेल मैदान एवं प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया एनसीसी छात्र-छात्रा से चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर रघुवंशी द्वारा कमान अधिकारी का पुष्प से स्वागत किया गया। इसके उपरांत मिलेट्स एक उपयोगी अनाज विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रमुख वक्ता डॉ रमाकांत सिंह द्वारा मिलेट्स विषय पर अपने विचार व्यक्त किया तत्पश्चात महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ सुनील सोनी द्वारा मिले जीवन में आवश्यक है विषय पर अपने विचार व्यक्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा एनसीसी अपने करियर के लिए अति आवश्यक है।

**न्यायालय तहसीलदार,**
**नायाब तहसीलदार नर्मदापुरम ग्रामीण**
कमांक 503 प्रवा. / तह./2023
नर्मदापुरम दिनाँक 19/12/23
रा.प्र.क. 0392 /अ-6/2023-24
मौजा-ग्राम बुधवाडा

हेमलता रमन आ. स्व. श्री कैलाश चंद्र रमन निवासी हाल मुकाम वार्ड नं. 16 ठाकुर डेरी के पास, चक्कर रोड कालिका नगर, नर्मदापुरम ............आवेदिका

बनाम

मनीषा चौकसे पत्नि स्व. श्री अखिलेश कुमार चौकसे व अन्य ............अनावेदकगण

**राजस्व मामले में सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक हेमलता रमन पत्नि स्व. श्री कैलाश चंद्र रमन द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के पति के द्वारा ग्राम बुधवाडा में स्थित भूमि ख.नं. 30/6 का नया खसरा नं. 133/1 रकबा 3000 वर्गफुट को भूमिस्वामी श्री अखिलेश चौकसे से रजिस्ट्रेड विकय पत्र के आधार पर क्रय किया गया था परंतु आज दिनॉक तक उपरोक्त वर्णित भूमि राजस्व रिकार्ड क्रेता स्व. श्री कैलाश चंद्र रमन का नाम दर्ज नहीं हो पाया है इस कारण उक्त भूमि पर आवेदिका ने अपने स्वर्गीय पति श्री कैलाश चंद्र का नाम दर्ज किये जाने हेतु रजिस्ट्रेड विकय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है आवेदिका का आवेदन पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त संबंध में उपरोक्त वर्णित भूमि पर कोई भी व्यक्ति / संस्था किसी भी प्रकार से कोई हक वो स्वत्व रखते हो कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता एजेन्ट के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनॉक 21/12/2023 तक प्रस्तुत कर सकते है बाद म्याद के प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाँक 19/12/23 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
नोटः- नियत दिनॉक को अवकाश घोषित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस पर होगी।

**नायब तहसीलदार, नर्मदापुरम (ग्रामीण)**

## खबर संक्षेप

### नहरों का ओसराबंदी कार्यक्रम जारी

**हरदा।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग हरदा डीके सिंह ने बताया कि रबी सिंचाई वर्ष 2023-24 के तहत नहर के माध्यम से खेतों में सिंचाई के लिए जल प्रदाय व्यवस्था सुचारू बनाने और अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी पहुंचाने बनाये रखने के उद्देश्य से ओसराबंदी व्यवस्था लागू की गई है। उन्होने बताया कि खिड़की व सौताड़ा उपनहर रविवार सुबह 6 बजे से सोमवार शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। इसी प्रकार रहटाखुर्द, दिनकरपुरा व बूंदड़ा उपनहर मंगलवार सुबह 6 बजे से बुधवार शाम 6 बजे तक तथा माचक उपनहर बुधवार शाम 6 बजे से गुरूवार शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। कुकरावद, छिदगांव, कनगांव व भीलगांव उपनहर गुरूवार शाम 6 बजे से शनिवार सुबह 6 बजे तक तथा सामरधा व आलमपुर उपनहर शनिवार सुबह 6 बजे से रविवार शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। उन्होने बताया कि बिना अनुमति एवं अग्रिम राशि जमा किये बगैर सिंचाई पम्प नहीं चलाये जा सकेंगे। ट्रेक्टर चलित एवं 10 एचपी से अधिक क्षमता के पम्प नहीं चलेंगे। उन्होने बताया कि डिफाल्टर किसानों के द्वारा सिंचाई राजस्व राशि जमा न करने की स्थिति में सायफन एवं पम्प बंद करने की कार्यवाही की जाएगी।

### फरार आरोपी पर 5 हजार का इनाम घोषित

**हरदा।** पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन ने थाना सिविल लाइन हरदा के अपराध क्रमांक 497/22 मल्हार मंदिर के पास प्राण घातक हमले के प्रकरण में फरार आरोपी सुशांत मिश्रा निवासी हरदा की सूचना देने वाले को 5 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। इनाम की यह राशि उस व्यक्ति को दी जाएगी जो कि फरार आरोपी सुशांत मिश्रा की गिरफ्तारी के लिए जरूरी सूचना पुलिस को देगा। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का होगा। सूचनाकर्ता का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

### 3 आरोपियों पर 3-3 हजार का इनाम घोषित

**हरदा।** पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन ने 3 आरोपियों पर 3-3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। उन्होंने बताया कि टिमरनी के अपराध क्रमांक 423/23 के प्रकरण में फरार आरोपी रामसिंह पिता कालूराम उर्फ कालिया निनामा निवासी सेवना थाना बाँसवाड़ा राजस्थान की सूचना देने वाले को 3 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। इसके साथ ही थाना टिमरनी के अपराध क्रमांक 55/23 के प्रकरण में फरार आरोपी इलियास शेख पिता शेख हनीफ निवासी तिलक वार्ड बैतूल की सूचना देने वाले को भी 3 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन ने थाना रहटगांव के अपराध क्रमांक 67/22 में फरार अज्ञात आरोपी व नाबालिक बालिका की तलाश पतारशी की सूचना देने वाले को 3 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। इनाम की यह राशि उस व्यक्ति को दी जाएगी जो कि इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये जरूरी सूचना पुलिस को देगा। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक जिला हरदा का होगा। सूचनाकर्ता का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

### आईजी ने 10 हजार का इनाम घोषित किया

**हरदा।** पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम इरशाद वली ने महिला थाना हरदा में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक 94/2022 में फरार अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए के पुरस्कार की घोषणा की है। जो कोई व्यक्ति अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करवाएगा या ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचना कर्ता को 10 हजार रुपए इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। सूचनाकर्ता का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम जोन का मान्य होगा। अभियुक्त के संबंध में दूरभाष क्रमांक 07574-250123, 07577-224713 पर भी सूचना दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। सक्षम शासकीय सेवक एवं अन्य एजेन्सी द्वारा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के पश्चात यह आदेश स्वयमेव प्रचलन में न होकर शून्य हो जाएगा।

---

### बोले आठ दिन में काम नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

# अधूरी सड़क के निर्माण को लेकर बड़गांव के युवाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

जिले कि कसरावद तहसील मुख्यालय से महज चार किलोमीटर दूर स्थित गांव बड़गांव के रहवासियों सब्र का बांध तब टूट गया जब लगातार जनप्रतिनिधियों सहित लोक निर्माण विभाग से संबंधित अधिकारियों को शिकायत करने के 9 महीने बाद भी 77 लाख रुपए की लागत से बन रही 4 किलोमीटर की बड़गांव से कसरावद नगर को जोड़ने वाली निर्माणधीन सड़क को ठेकेदार द्वारा गिट्टी बिछाकर अधूरा छोड़ दिया गया है।

जिससे गांव के चार दर्जन से ज्यादा आक्रोशित युवा मंगलवार को सरपंच को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और शीघ्र ही सड़क निर्माण अधूरा पड़ा काम पूर्ण करने और काम करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग को लेकर पहले तहसीलदार और बाद में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।वहीं इस समस्या को लेकर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ से चर्चा की गई तो उन्होंने गैर जिम्मेदाराना बयान दिया।बड़गांव से



नगर परिषदीय सिमा तक सड़क अपने बदहाली की दशा से गुजर रहा है, जिसके चलते राहगीरों को जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा है।सड़क पर गिट्टी बिछाकर ठेकेदार द्वारा करीब पांच महीने से काम बंद कर दिया है। जिसके चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है।

#### जल्द काम करने को कहा है...

बड़गांव के ग्रामीणों ने अधूरी पड़ी सड़क के काम को लेकर शिकायत की है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया जल्द काम करने को कहा है। अगर ठेकेदार ने शीघ्रता से सड़क का काम नहीं किया तो ब्लैक लिस्टेड करने की प्रक्रिया करने को कहा है।

**अग्रिम कुमार,** एसडीएम कसरावद।

#### मुझे नहीं मालूम...

सड़क कितनी लागत की है क्या एग्रीमेंट हुआ है मुझे नहीं मालूम। हमारे साहब से बात करें। हम कुछ नहीं जानते। सड़क कब बनेगी जो भी जानकारी है वहीं से मिलेगी।

**पीके महाजन,** एसडीओ लोक निर्माण विभाग मंडलेश्वर।

#### दस महीने से पड़ा है सड़क का काम अधूरा

*ज्ञापन देने आए पूर्व सरपंच भगवान पटेल, दिलीप सेन, अनिल पाटीदार, सचिन पटेल, सुभाष यादव, अक्कू मेवाड़े,शंकर सेन ,आशीष पटेल ने कहा कि हमारे गांव से लेकर कसरावद नगर के कुशवाहा मोहल्ले तक शासन की ओर से लाखों रुपए सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई हैं।जिसके निर्माण कार्य का ठेका तहसील के ही ग्राम ओझरा निवासी महेश अग्रवाल नामक ठेकेदार ने ले रखा है, जिनके द्वारा 22 मार्च 2023 से सड़क को खोदने के बाद उसपर गिट्टी डालकर करीब 10 महीने से काम बंद पड़ा है।साथ किसानों के सड़क किनारे खेत है उन खेतों में खड़ी फसल गेंहू चने टमाटर, एवं सब्जी भाजी की फसलें धूल उड़ने के कारण खराब हो रही है,सड़क का काम अधूरा होने के कारण गांव से छोटे छोटे बच्चे साईकिल से कसरावद स्कूल आते हैं।निर्माण अधूरा होने से कई छात्र छात्राएं स्कूल नहीं आ पा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो गई हैं। दो पहिया वाहनों से कसरावद नगर में बाजार आने वाले ग्रामीणों के दुपहिया वाहन चालक के वाहन गिट्टी पर फिसलने से चोटिल हो जाते हैं।अभी कुछ दिन पहले ही राशन वितरण प्रणाली की सरकारी दुकान पर अनाज लेने गए बुजुर्ग की मोटरसाइकिल का गिट्टी पर संतुलन बिगड़ने से बुजुर्ग का पैर टूट गया।सड़क निर्माण को लेकर हम ग्रामवासियों ने कई बार जिले में बैठे कार्यपालन अधिकारी और काम देख रहे सब इंजीनियर के अलावा ठेकेदार को जल्द सड़क का काम पूरा करने के लिए कहा न तो अधिकारी सुन रहे और न ही ठेकेदार। जबकि सड़क का काम 6 महीने में पूर्ण हो जाना चाहिए था।*

---

### आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

## टिंगू खां ने अजय बनकर की दोस्ती अपहरण के बाद किशोरी से दुष्कर्म



**खरगोन।** जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली नाबालिग के अपहरण और बलात्कार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें एक मुस्लिम युवक ने खुद की पहचान छुपाकर नाबालिग से दोस्ती की और ऑनलाइन फ्री फायर गेम को माध्यम बनाकर युवती को अपने जाल में फांस लिया। इतना ही नहीं आरोपी ने शादी का झांसा देकर अपहरण कर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया। पुलिस ने अपहरण बलात्कार सहित पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार करके जेल भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि नाबालिग ने गोपालपुरा (अनकवाड़ी) का रहने वाला अजय उर्फ टिंगू पिता शमशेर खान ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को बहला-फुसला लिया था और चार-पांच दिनों तक इधर-उधर घुमाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर किया। थाना प्रभारी अनिल कुमार बामनिया ने बताया कि 19 वर्षीय टिंगू उर्फ मुस्लिम युवक ने अजय बनकर 17 साल की नाबालिग किशोरी से अपना असली नाम छिपाकर दोस्ती की।पुलिस के अनुसार, दामखेड़ा की नाबालिग लड़की 10 दिसम्बर की रात को घर से बिना बताए कहीं चली गई. आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाशने पर नहीं मिली तो 14 दिसम्बर को परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट बिस्टान थाने पर दर्ज करवाई गई थी.थाना इंचार्ज बामनिया के अनुसार 15 दिसम्बर की रात में नाबालिग लडकी को दामखेड़ा के पास आरोपी छोड़ गया. परिजन लड़की को लेकर थाने आए और घटना की जानकारी दी पुलिस के पूछताछ करने पर नाबालिग ने बताया गोपालपुरा (अनकवाड़ी) का निवासी अजय उर्फ टिंगू पिता शमशेर खान ने शादी का झांसा देकर उसे बहला-फुसला लिया था. चार-पांच दिनों तक इधर-उधर घुमाया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

---

## भारतीय संस्कृति के दर्शन : लोक नृत्य से मन मोहते हैं काठी वाले



**रहटगांव।** ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी भारतीय संस्कृति के दर्शन होते हैं और लोक नृत्य लोक गीत लोक कथाएं आधुनिक समय में गुम से हो जाते रहे हैं। जिसके चलते संस्कृति के कई रंग फीके पड़ गए हैं या अपना अस्तित्व गवा बैठे हैं। ऐसी ही एक वर्षों पुरानी परंपरा अभी यहां के ग्रामीण अंचलों में मनोरंजन करती नजर आती है। देव उठनी ग्यारस से आस्था का केंद्र (काठी वाले नाम) से प्रचलित हैं। जिन्हें भगत बाबा से भी कई लोग इन्हें जानते हैं। इसमें 3 से 4 सदस्य एक अनूठी वेशभूषा में भजनों पर घर-घर जाकर नृत्य करते हैं। इन लोगों को लोग अनाज (गेहूं आटा दाल )देते हैं जिनसे उनका गुजारा चलता है जानकारी के मुताबिक काठी वाले का वेश धारण किए हुए ग्रामीणों ने बताया कि मान्यताओं के अनुसार भगवान शंकर से जुड़ी हुई कथाओं से इसे जोड़ा जाता है। इसमें भिलट देव का पहनावा पहनते हैं और नृत्य भी किया जाता है। जिससे भिलट देव की स्तुति होती है ,जो लोग यह नृत्य करते हैं। वहीं इन्हें उनको ग्रामीण काठी वाले कहते हैं, घर-घर जाकर फेरी पर जाते हैं तो लोग इसमें इतनी आस्था रखती है कि मन्नते करके मन्नत को पूर्ण भी कर लेते हैं। जिनकी मन्नते पूर्ण हो जाती हैं वे पुनः और भजन कीर्तन कराते हैं। यह संस्कृति की अनूठी कला है जो आज भी दिखाई देती है।



### भाकिसं ने दिया ज्ञापन

**रहटगांव।** भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव द्वारा बिजली के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय किसान संघ द्वारा बिजली विभाग के प्रमुख जेई बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर जिसमें मुख्य रूप से 6 घंटे दिन और 4 घंटे रात बिजली में दी जाए। ओवरलोड ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जावे। जिससे वोल्टेज की समस्या दूर हो अगर विभाग तत्काल कार्रवाई नहीं करता है। तो भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगा। निवेदन है कि तत्काल इस पर कार्रवाई कर संगठन को अवगत कराये जावे आनंद पटेल हरिओम गौर सियाराम गौर विष्णु गौर संतोष मलगया रवि शंकर तोमर अनिल गौर शिव शंकर गौर आदि किसान उपस्थित रहे।

---

## शराब बंदी की मांग : हाथों में तख्ती लेकर चौकी पहुंची महिलाएं, बोली साहब शराब बंद करवा दो

### शराब के खुलेआम चल रहे अहाते बंद कराने ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

जिले कि कसरावद तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली खलटाका पुलिस चौकी क्षेत्र में आबकारी विभाग और पुलिस का सुस्त रवैया कहे या मिली भगत धड़ल्ले से शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है। जिसके चलते गांव गांव अवैध शराब बिकने से घरों में विवाद की स्थिति भी बनने लग चुकी है। शराब के सेवन से युवा पीढ़ी भी बर्बाद होती नजर आ रही है।

ऐसे हालातों से त्रस्त होकर शराबबंदी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। जिले की कसरावद तहसील के ग्राम खलबुजूर्ग पानवा सिंगाचौरी के ग्रामीण महिलाओं सहित युवाओं ने मराल फाटा से खलटाका पुलिस चौकी तक अवैध शराब बिक्री बंद कराने के लिए तख्तियां लेकर नेशनल हाईवे पर पैदल मार्च किया।और अवैध शराब बिक्रीबंद करने की मांग को लेकर



खलटाका पुलिस चौकी प्रभारी को शिकायत कर बोली साहब अवैध शराब बंद करवा दो।ग्रामीणों ने कहा कि चौकी क्षेत्र के कई इलाकों में अवैध शराब बिक्री जोरों शोरों से चल रही ग्रामीण कृष्णा वास्कले ने कहा कि क्षेत्र में खुलेआम अवैध शराब बिक रही है। जिसे लेकर कलेक्टर ,आबकारी और पुलिस विभाग में भी आवेदन दिया गया है लेकिन अभी तक भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।अगर आगामी दिनों में कार्रवाई नहीं होती तो हम नेशनल हाईवे पर चक्काजाम करेंगे ।क्योंकि शराब को लेकर शाम होते ही होटल ढाबे किराना दुकानों पर मयखाने सजने लगते हैं ,जहां पर बिना आबकारी विभाग के भय के ढाबा संचालकों को शराब बिक्री करते देखा जा सकता है ।जबकि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में अहाते बंद होने के आदेश जारी किए थे। इसके बावजूद होटल सहित ढाबे किराना दुकानो पर अवैध शराब बिक्री जोरों से हो रही है। जो प्रशासन की कार्य शैली पर भी सवालिया निशान खड़े करते हैं। महिला संगीता बाई सरिता बाई पूजा ज्योति कुसुम ने कहा कि क्षेत्र में बिना लाइसेंस से दुकानों ढाबों पर शराब बिक्री हो रही है जिससे हमारे बच्चे बिगड़ रहे हैं इसलिए शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाए । नही तो आगे आंदोलन भी करेंगे।

#### शिकायत मिली है

महिलाओं ने अवैध शराब के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया है, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**रितेश तायड़े, खलटाका पुलिस चौकी प्रभारी**

---

**किशोर कुमार को भारत रत्न देने की मांग**

## गौरी कुंज में किशोर नाइट में देश के ख्याति प्राप्त गायक देंगे गायन की प्रस्तुति

### आज की रैली व किशोर नाइट की हुई तैयारी, विभिन्न स्थानों से आए कलाकार



**खंडवा।** हरफनमौला किशोर कुमार को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के उद्देश्य से बनाई गई भारत रत्न किशोर कुमार ग्रुप कोलकाता ,किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच खंडवा ,किशोर फैंस व सामाजिक संस्थाओं द्वारा बुधवार को खण्डवा में कार्यक्रमो का आयोजन की तैयारी की गई। आयोजन में देश के कोने कोने से 100 से अधिक किशोर प्रेमी खण्डवा आ रहे हैं। जानकारी देते हुए किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन व सचिव नारायण बाहेती ने बताया कि 20 दिसम्बर को सुबह 11 बजे सभी किशोर प्रेमी रैली के रूप में किशोर कुमार के पैतृक निवास से समाधि स्थल तक जाएंगे। नगर निगम पर कलेक्टर को किशोर दा को भारत रत्न दिए जाने की मांग व किशोर दा के पैतृक घर को स्मारक बनाने की मांग का राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन देने के बाद 12 बजे से 2 बजे तक किशोर दा की समाधि पर पुष्पांजलि एवं सुरमई श्रद्धांजलि का आयोजन होगा। 2 बजे से पत्रकार वार्ता होगी। शाम 7 बजे से गौरीकुंज सभागृह में किशोर नाईट (संगीत निशा) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे देश के ख्यातिप्राप्त गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। मंच के अध्यक्ष रणवीरसिंह चावला ,सचिव नारायण बाहेती,उपाध्यक्ष आशीष चटकेले, सुनील सकरगाये, सुरेंद्रसिंह सोलंकी, भूपेंद्रसिंह चौहान, रितेश चौहान,प्रवक्ता सुनील जैन ने सभी से सपरिवार व मित्रो से पधारने का अनुरोध किया है। आयोजन में बाहर से आने वाले कलाकारों की आवास,भोजन ,व कार्यक्रमो हेतु सदस्यों को विभिन्न समिति बनाकर प्रभार सौंपा गया। भारत रत्न किशोर कुमार ग्रुप,किशोर प्रेरणा मंच,किशोर फेन्स व सामाजिक व सांस्कृतिक संस्थायें सम्मिलित होगी।

### जानकारी के लिए आवेदन दिया

**रहटगांव।** मंगलवार को सुनील दुबे द्वारा टिमरनी नगर एवं टिमरनी विकास खंड में संचालित अंडा, मांस, मछली, मटन की लायसेंस वाली दुकानों की जानकारी प्रदान करने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी टिमरनी के नाम तहसीलदार जैन को आवेदन सौंपा। जिसमे कहा गया कि टिमरनी नगर एवं टिमरनी विकास खण्ड में कहां-कहां पर शासन के नियमानुसार लायसेंस वाली अंडा, मांस, मछली, मटन की दुकाने संचालित हो रही है। उनकी सूची 7 दिवस में हमें उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बाजार में लगने वाली संबंधित दुकानो की भी जानकारी भी जनहित में उपलब्ध कराई मांग की गई।

## फरार व अज्ञात आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक ने किया इनाम घोषित

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। उन्होंने बताया कि थाना कोतवाली के फरार आरोपी प्रतीक उर्फ टिंका पिता विजय जगताप निवासी चीराखदान मल्टी रामनगर खंडवा पर 2 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। इसी प्रकार थाना पंधाना के फरार आरोपी चप्पु उर्फ इसराईल पिता संजू खा निवासी चैनपुर सरकार थाना खालवा, थाना छैगांवमाखन के फरार आरोपी दीपक पिता जसवंत नहाल निवासी ग्राम आबूद, रायसिंह पिता रामसिंह तडवी निवासी लालमाटी थाना रावेर चौकी पाल जिला जलगांव महाराष्ट्र, थाना हरसूद के फरार आरोपी रोहित पिता जगदीश ठाकुर निवासी केके मेडिकल के पास राजपुरा जिला बुरहानपुर पर 3-3 हजार का इनाम घोषित किया गया है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पंधाना के अपराध क्रमांक 113/23 एवं थाना हरसूद के अपराध क्रमांक 213/23 और 181/23 के फरार अज्ञात आरोपीयों पर 3-3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया कि जो भी व्यक्ति इन फरार एवं अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार कराने में मदद करेगा या इन्हें गिरफ्तार कराने के लिए जरूरी सूचना देगा उसे यह पुरूस्कार दिया जाएगा। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक खण्डवा का होगा। फरार आरोपी से संबंधित सूचना पुलिस कंट्रोल रूम के फोन नम्बर 7049138955 तथा 7049101036 पर दे सकते हैं।

## जिला अस्पताल में लगेगा शिविर

**हरदा।** मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना एवं आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत निःशुल्क हृदय रोग परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हरदा डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि यह शिविर बुधवार को जिला चिकित्सालय परिसर हरदा के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र डी.ई.आई.सी. में प्रातः 10:30 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में अपोलो सेज हॉस्पिटल भोपाल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग जैन, एम.डी., डीएम कॉर्डियोलॉजी एवं टीम द्वारा 18 वर्ष तक के बच्चों की निःशुल्क इको जांच की जाएगी।

---

### राजपुरा के शिविर में 97 आवेदकों का मौके पर हुआ निराकरण

# संकल्प यात्रा के दौरान पात्र हितग्राही हुए लाभान्वित

**खंडवा।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने तथा शेष पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निकाली जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को खालवा विकासखंड की ग्राम पंचायत राजपुरा बखार, खारकलां, खंडवा विकासखंड की ग्राम पंचायत रनगांव, कवेश्वर, पंधाना विकासखंड की ग्राम पंचायत भिलाईखेड़ा, छिरवा एवं पुनासा विकासखंड की ग्राम पंचायत जलकुआं व बिजोरामाफी में कार्यक्रम आयोजित हुए।

ग्राम पंचायत भिलाईखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 29 हितग्राहियों के आयुषमान कार्ड बनाए गये। साथ ही रनगांव निवासी संतोष बाई शंकर, छाया बाई गणेश, सिमा बाई सोनू को उज्जवला योजना में पात्रता होने पर लाभान्वित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सालक राम पाटिल, मोहन कोरकू, रामकरण सवलेकर एवं गुलाई बाई का आधार अपडेशन भी किया गया। पानी की जांच किट



उर्मिला मारपोर एवं उर्मिला रावत को वितरित की गई। साथ ही जरीना जयसिंह, हरीश दगडू, पन्ना लाल अमरसिंह एवं सगड़ी बाई ने सफलता की कहानी सुनाई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि ग्राम पंचायत जलकुआ के शंकर पिता बाबूलाल को प्रधानमंत्री आवास योजना, हरिसिंह पिता सोभागसिंह का आयुष्मान कार्ड, सुमन बाई नर्मदाप्रसाद को उज्जवला योजना एवं राधेलाल पिता गुलाबसिंह पटेल को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना में पात्रता होने पर लाभान्वित किया गया। ग्राम छिरवा में 60 आयुष्मान कार्ड भीमसिंह सातू, शिवकुमार अमरसिंह, शीला विष्णु, मीराबाई हुल सिंह एवं गोरा रामदास के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

उज्वला योजना की आशा बाई गणेश को लाभ दिया गया। साथ ही 4 हितग्राहियों का आधार अपडेशन किया गया। इसके अलावा 4 हितग्राहियों को पानी की जांच किट दी गई, एवं सलीम खान, प्रकाश प्रताप, सायरा इस्माइल, रविता राजेश, बृजलाल सुखलाल ने सफलता की कहानी सुनाई। ग्राम खारकलां में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने उज्वला योजना की पात्र हितग्राही रानी बाई पति धर्मेंद्र एवं ममता जायसवाल को लाभ वितरित किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत कवेश्वर में ड्रोन के माध्यम से खेती करने की नई तकनीक किसानों को सिखाई।

जनपद पंचायत खालवा की ग्राम पंचायत राजपुरा बखार में आयोजित शिविर में समस्त खण्ड स्तरीय विभाग प्रमुखों द्वारा अपने विभागीय योजना की जानकारी उपस्थित जनसमुदाय को प्रदाय की गई। शिविर में सरस्वती पति हीरालाल, कोकिला पति सुरेश, रत्ना पति पंकज एवं कोकिला पति सुरेश को प्रधानमंत्री उज्वला योजना का लाभ दिया गया। हितग्राही शुभम पिता जगदीश को आयुष्मान भारत योजना, ओमप्रकाश पिता प्रहलाद को प्रधानमंत्री आवास योजना, योगेश पिता भारतसिंह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया गया। इस दौरान रंजित पिता रूखडू के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन योजना द्वारा अपनी जुबानी विकास की कहानी उपस्थित ग्रामीणों, अधिकारी व कर्मचारियों को सुनाई गई। शिविर में 113 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 97 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया तथा शेष लंबित 16 आवेदनों को निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजे गए।

## खंडवा जंक्शन पर एस्कलेटर का काम अंतिम चरणों में

### सांसद पाटिल लोकार्पण कर रेल यात्रियों को देंगे सौगात



**खंडवा।** खंडवा आदर्श रेलवे जंक्शन पर यात्री सुविधाओं की बढ़ोतरी के लिए स्वचालित सीढ़ियां एस्कलेटर लगाने का काम अंतिम चरण में किया जा रहा है। आगामी दिनों में रेल यात्रियों को इसकी सुविधा मिलेगी। पूर्व रेलवे सलाहकार समिति सदस्य प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया है कि खंडवा स्टेशन पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा लगातार रेल मंत्री और रेल बोर्ड अध्यक्ष से लगातार संपर्क कर ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने सहित रेल यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप खंडवा जंक्शन पर रेल यात्रियों को प्लेटफार्म पर जाने आने के लिए पूर्व में दो लिफ्ट की सुविधा थी अब दो एस्क्लेटर और एक लिफ्ट की सुविधा में और बढ़ोतरी की जा रही है। इसको लेकर रेलवे विभाग युद्ध स्तर पर एस्केलेटर और लिफ्ट स्थापित करने का कार्य चल रहा है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की सक्रियता के चलते करोड़ों रुपए के विकास कार्य खंडवा रेलवे स्टेशन पर किए जा रहे हैं आने वाले दिनों में यह स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, नए वर्ष में खंडवा सनावद मेमू ट्रेन चलाने को लेकर भी तैयारी की जा रही है, शीघ्र ही नवनिर्मित एस्केलेटर का शुभारंभ सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के हाथों संपन्न होगा, और भी नई सौगातो के लिए मध्य रेलवे के महाप्रबंधक यादव का दौरा भी शीघ्र होने जा रहा है मगंलवार को पूर्व रेलवे सलाहकार समिति सदस्य मनोज सोनी,सुनील जैन ने स्टेशन पहुंचकर चल रहे कार्यों के साथ एक्सेलेटर के ट्रायल को भी देखा का।